दिन–मंगलवार                                                        दिनांक– 15/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।                                        अवधि– 05 मिनट

---

राज्य सरकार ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नई नौकरी और रोजगार के अवसर सृजित करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इसके लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति रोजगार के नये अवसरों के बारे में राज्य सरकार को सलाह देगी। डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य में जारी विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में प्रतिनियुक्त बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक को सालना मानदेय के अलावा छह हजार रूपये दिये जाने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने स्वीकृति दी है। साथ ही कैबिनेट ने पश्चिमी कोसी नहर के विस्तारीकरण, पुनर्स्थापन और आधुनिकीकरण के लिए आठ हजार छह सौ अठहत्तर करोड़ रूपये की योजना को मंजूरी प्रदान की है। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने पटना रेल प्रोजेक्ट के प्रायोरिटी कॉरिडोर के रख–रखाव का जिम्मा दिल्ली मेट्रो को सौंपा है।

———————————————————————

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियोम–फोर मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आज पृथ्वी पर लौट रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उनकी यह वापसी अठारह दिन बाद हो रही है। चारो अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसएक्स ड्रैगन से बाईस घंटे की यात्रा कल शुरु की। अनुमान है कि ये अंतरिक्ष यात्री आज भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद तीन बजे कैलिफोर्निया तट पर उतरेंगे। अंतरिक्ष स्टेशन से विदाई पर शुभांशु शुक्ला ने अपनी यात्रा को अविश्वसनीय बताया।

———————————————————————

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अबतक छह करोड़ साठ लाख से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा किये जा चुके हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि अब केवल ग्यारह दशमलव आठ–दो प्रतिशत गणना

फार्म जमा करना शेष है। आयोग के अनुसार मतदाता सूची के अट्ठासी प्रतिशत से अधिक सत्यापन का काम पूरा किया जा चुका है। गणना फॉर्म जमा करने में दस दिन शेष हैं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समस्तीपुर के मूसापुर में आयोजित कार्यक्रम से पांच सौ बाईस करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन योजनाओं की घोषणा मुख्यमंत्री ने अपनी प्रगति यात्रा के दौरान की थी। श्री कुमार तीन सौ बाईस करोड़ रूपये की लागत से बलान और जमुआरी नदी की गाद उड़ाही और छियानवे करोड़ रूपये की लागत से रोसड़ा–शिवाजी नगर पथ के चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास करेंगे। वे शिवाजीनगर प्रखंड के शंकर घाट पर बासठ करोड़ रूपये की लागत वाले उच्च स्तरीय आरसीसी पुल के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री समस्तीपुर के सरायरंजन में मेडिकल कॉलेज के लिए बाईपास निर्माण का भी कार्यारंभ करेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि झारखंड और आस–पास के क्षेत्रों में बना एक निम्न वायुमंडलीय दबाव का क्षेत्र दक्षिण बिहार की ओर बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से राज्य के दक्षिणी हिस्सों में बारिश की संभावना है। विभाग के अनुसार कैमूर, रोहतास, बक्सर, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद और शेखपुरा जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। गया, नवादा और जमुई जिले में बहुत भारी बारिश का अलर्ट है। वहीं, राज्य के उत्तरी–पूर्वी हिस्सों किशनगंज और अररिया जिले में भी बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया और कटिहार जिले में भी कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।